TUE,28 JANUARY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# ईएसआईसीई उप क्षेत्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण

## अधिकारियों व कर्मचारियों ने तिरंगे को किया सलाम



*ध्वजारोहण करते हुए सुनील यादव।*

गुड़गांव, 27 जनवरी (ब्यूरो): ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में भी गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा अधिकारियों / कर्मचारियों की उपस्थिति में देश के प्रति निष्ठावान होने के संकल्प के साथ ध्वजारोहण किया गया।

कार्यालय अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है। हम आज भारत का 76वें गणतंत्र दिवस मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं। इस वर्ष की थीम 'स्वर्णिम भारत: विरासत व विकास है। यह थीम भारत की विरासता को संभालते हुए देश की प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। बीते 75 वर्षों में एक लोकतांत्रिक गणतंत्र के तौर पर भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दिन लागू हुए संविधान ने देश को सरकार चलाने वाले शासन की अवधारणा से अवगत करवाया। जिन पर प्रत्येक को भारतीय को गर्व होना चाहिए। भारत जब आज 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। तब देश के एक लोकतांत्रिक गणतंत्र के तौर पर 75 साल भी याद किए जा रहे हैं। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है।